भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता– मानव संसाधन (एचआर)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम निर्माण का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता–मानव संसाधन (एचआर) के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं दायित्वः

- एनएचएसआरसी कार्यालय में मानव संसाधन संबंधी सभी कार्यों का प्रबंध करना और इसके शाखा कार्यालयों की मानव संसाधन संबंधी सभी गतिविधियों की देखरेख करना।
- एनएचएसआरसी में प्रभावी मानव संसाधन प्रबंध के लिए मानव संसाधन रणनीतियों का कार्यान्वयन करना।
- आवश्यकतानुसार भर्ती संबंधी सूचना (टीओआर)/रोजगार संबंधी विज्ञापन/संविदा दस्तावेज/मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी)/मानव संसाधन नीतियां तैयार करना।
- एनएचएसआरसी, आरआरसी–एनई और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए परामर्शदाताओं की भर्ती करना।
- वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन करने में एचआर प्रबंधक की सहायता करना।
- ऑटोमेटेड उपस्थिति प्रणाली/एचआरएमआईएस सॉफ्टवेयर पर कार्य करना और आवश्यकतानुसार रिपोर्ट निकालना।
- भर्ती करने वाली एजेंसियों के साथ आवश्यकतानुसार संविदा करार को अंतिम रूप देना।
- एनएचएसआरसी और आरआरसी–एनई कर्मियों के लिए विभिन्न संस्थाओं/प्रशिक्षकों की पहचान करना और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- एमआईएस/ट्रैकरों/डेटाबेस/डैश बोर्डों का प्रबंध करना।
- आवश्यकतानुसार फार्म और फार्मेट तैयार करना।
- संदर्भ जांच करना, प्रस्ताव पत्र एवं संविदाएं तैयार करना, परामर्शदाताओं को कार्यग्रहण कराना
- एनएचएसआरसी के मानव संसाधन प्रबंधक, प्रधान प्रशासनिक अधिकारी या कार्यकारी निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मानव संसाधन (एचआर) में एमबीए/पीजीडीबीएम उपाधि सहित भर्ती करने एवं अन्य मानव संसाधन संबंधी कार्यों के न्यूनतम 02 वर्षों के अनुभव ।
- विकास क्षेत्र/सामाजिक क्षेत्र/एनजीओ क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव वांछनीय है।
- आटोमेटेड उपस्थिति प्रणाली/किसी एचआरएमआईएस सॉफ्टवेयर पर कार्य करने का ज्ञान वांछनीय है।
- सरकारी पदों पर भर्ती, अभिलेखन, फाइलिंग प्रक्रिया और मानव संसाधन पद्धतियों का ज्ञान एवं अनुभव वांछनीय है।
- एमएस–ऑफिस– वर्ड/पावर पाइंट और उन्नत एक्सेल कौशल में कंप्यूटर दक्षता।
- उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- दबाव में विविध कार्य करने की योग्यता और टीम में कार्य करने वाला होना चाहिए।
- एचआर में अधिक अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमा : अधिकतम 40 वर्ष
कार्य स्थल : नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक
संविधा अवधिः 3 माह की परिवीक्षा अवधि सहित एक वर्ष
पारिश्रमिक सीमा : प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **20-Apr-2017 को अपराह्न 4 बजे तक** rec.nhsrc.2017@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।